web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 28 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 300

# पीएम मोदी ने 8.5 करोड़ किसानों को जारी की किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त

## किसानों के खाते में पहुंचे 18000 करोड़ की राशि

**नई दिल्ली ।** पीएम मोदी ने राजस्थान के सीकर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त का पैसा पात्र किसानों के लिए जारी कर दिया है. राजस्थान के लिए कई प्रोजेक्ट की भी शुरुआत की गई है.



प्रधानमंत्री ने सीकर में यूरिया गोल्ड को भी लॉन्च किया. यह यूरिया की एक नई किस्म है, जो सल्फर के इस्तेमाल से बनी होती है. इससे मिट्टी में सल्फर की कमी की समस्या का समाधान होगा.

पीएम मोदी ने राजस्थान दौरे पर सीकर में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त का पैसा पात्र किसानों के लिए जारी कर दिया है. किसान किस्त का फरवरी से इंतजार कर रहे थे. पीएम ने 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्रों की शुभारंभ भी किया. इसके अलावा राजस्थान को कई मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है. इस मौके पर पीएम ने कहा कि सरकार देश के किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है.

पीएम मोदी ने किसानों के कल्याण के लिए चल रही पीएम किसान सम्मान निधि (PM Kisan) की 14वीं किस्त के करीब 18,000 करोड़ रुपये की धनराशि गुरुवार को जारी कर दी है. यह किस्त 8.5 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में सीधे पहुंच गया है.

प्रधानमंत्री ने सीकर में कहा कि आज यहां से देश के करोड़ों किसानों के पीएम किसान सम्मान निधि के लगभग 18,000 करोड़ सीधे उनके बैंक खाते में जमा हुए हैं. आज देश में 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्रों की शुरुआत की गई है. गांव और ब्लॉक लेवल पर बने इन केंद्रो से करोड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा.

पीएम ने कहा कि हमारी सरकार देश के किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. किसान का सामर्थ्य, किसान का परिश्रम, मिट्टी से भी सोना निकाल देता है. इसलिए सरकार देश के किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. उन्होंने कहा कि किसान समृद्धि केंद्र पर ही किसानों को बीज भी मिलेगा और खाद भी. इसके अलावा खेती से जुड़े औजारों और दूसरी मशीनें भी इस केंद्र पर मिला करेंगी. ये सेंटर खेती से जुड़ी हर आधुनिक जानकारी किसीनों को देंगे.

**यूरिया की नई किस्म यूरिया गोल्ड लॉन्च-** प्रधानमंत्री ने सीकर में यूरिया गोल्ड को भी लॉन्च किया. यह यूरिया की एक नई किस्म है, जो सल्फर के इस्तेमाल से बनी होती है. इससे मिट्टी में सल्फर की कमी की समस्या का समाधान होगा. वहीं, ओएनडीसी पर पर 1500 किसान उत्पादक संगठनों FPO को शामिल किये जाने का शुभारंभ किया है.

**राजस्थान को 12 मेडिकल कॉलेज की सौगात-** राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने के लिए पीएम मोदी चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्री गंगानगर में पांच नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही बारां, बूंदी, करौली, झुंझुनू, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक में सात मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला रखेंगे. पीएम द्वारा उद्घाटन किए गए पांच मेडिकल कॉलेजों को 1400 करोड़ रुपये से अधिक लागत पर विकसित किया गया है. जबकि जिन सात मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला रखी जाएगी, उनपर 2275 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इसके अलावा पीएम उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में स्थित छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे.

## महत्वपूर्ण एवं खास



### बड़ा रेल हादसा : अकलतरा के निकट मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**जांजगीर-रायपुर (आरएनएस)।** जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत आने वाले अकलतरा रेलवे स्टेशन के ईस्ट केबिन के निकट एक मालगाड़ी के दर्जन भर डिब्बे डिरेल हो गया है। इसके चलते हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। सूत्रों ने बताया कि एक मालगाड़ी बिलासपुर रेलवे स्टेशन से निकलकर चांपा की ओर आगे बढ़ रही थी। यह मालगाड़ी जैसे ही अकलतरा रेलवे स्टेशन के ईस्ट केबिन के पास पहुंची, इसकी कई डिब्बे अचानक तेज आवाज के साथ डिरेल हो गया। एक-दो डिब्बों के नीचे उतरने के बाद इंजन चालक को भी इसका आभास हो गया और उसने मालगाड़ी को रोकना शुरू किया। लेकिन इस दौरान मालगाड़ी के करीब एक दर्जन डिब्बे पटरी से नीचे उतर चुके थे। लोकोपायलट और मालगाड़ी के गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना अकलतरा रेलवे स्टेशन में दी। अकलतरा रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी के डिरेलमेंट होने की जानकारी तत्काल बिलासपुर तथा चांपा जंक्शन में दी। इसके बाद दोनों ओर से आने तथा जाने वाली ट्रेनों को रोका गया। सूत्रों की माने तो यह मालगाड़ी न केवल डिरेलमेंट हुई है, बल्कि इसके डिब्बे अप, डाउन और मीडिल लाईन पर भी बिखर गए। इसके चलते रेल यातायात पूरी तरह से ठप हो गई है।

### केंद्र सरकार को राहत, ईडी निदेशक एसके मिश्रा का बढ़ा कार्यकाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक एसके मिश्रा को 15 सितंबर तक ईडी निदेशक पद पर बने रहने की अनुमति दे दी है। आज सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक के तौर पर एसके मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सरकार ने 15 अक्टूबर तक का एक्सटेंशन मांगा था, लेकिन उसके लिए सुप्रीम कोर्ट राजी नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इससे आगे अब कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। बता दें कि 11 जुलाई को दिए अपने अहम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने संजय मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने के केंद्र सरकार के फैसले को गलत ठहराया था।स्ष्ट ने तब अपने फैसले में संजय मिश्रा को सिर्फ 31 जुलाई तक ही श्वष्ठ निदेशक के पद पर रहने की इजाजत दी थी। इस तरह मिश्रा का कार्यकाल कोर्ट ने 110 दिन घटा दिया था, केंद्र सरकार उनको 18 नवंबर तक पर बनाए रखना चाहती थी।

## 3000 कारों से लदे जहाज को लगी आग, भारतीय की मौत-कई झुलसे

**नीदरलैंड ।** नीदरलैंड से बड़ी खबर सामने आई है। यहां तट पर तीन हजार कार लदे एक मालवाहक जहाज में भीषण आग लग गई। इस हादसे में एक भारतीय की मौत हो गई जबकि 20 लोग घायल हुए है। हादसे में जान गंवाने वाला भारतीय, जहाज के क्रू का सदस्य था। नीदरलैंड्स के तटरक्षक बलों ने चेतावनी जारी की है कि यह आग अगले कई दिनों तक लगी रह सकती है, जिसे बुझाने के प्रयास जारी हैं।



तटरक्षक बल ने बताया कि 'फ्रीमैंटल हाईवे' नामक जहाज में आग लगी है, जो जर्मनी से मिस्र की ओर जा रहा था। आग लगने के तुरंत बाद चालक दल के कई सदस्य पानी में कूद गए। नीदरलैंड तटरक्षक बल ने कहा कि बचाव दल ने मौके पर पहुंच जहाज में लगी आग पर काबू पाने का भी प्रयास किया। नीदरलैंड जलमार्ग और लोक निर्माण विभाग के प्रवक्ता एडविन वर्स्टींग ने कहा कि निश्चित रूप से आग पर अभी भी काबू नहीं पाया जा सका है। इसे बुझाना बहुत मुश्किल हो रहा है। इसपर आग बढऩे की मुख्य वजह जहाज पर मौजूद वाहन हैं।

## खास सुगंध और स्वाद के दम पर विदेशियों को भाया काला नमक चावल, तीन गुणा से ज्यादा बढ़ा एक्सपोर्ट

**लखनऊ (आरएनएस)।** अपनी खास सुगंध और स्वाद के दम पर काला नमक धान का चावल देश में ही नहीं, विदेश में भी लोगों की जुबान पर छा रहा है। उत्तर प्रदेश की सरकार के प्रयासों से बीते तीन साल में इसके निर्यात में तीन गुणा से अधिक की वृद्धि हुई है। सरकार ने इसे सिद्धार्थनगर का एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित किया है और इसके लिए ब्रांडिग कर रही है। राज्यसभा में 17 दिसंबर 2021 को दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2019/2020 में इसका निर्यात 2 फीसद था।



अगले साल यह बढक़र चार फीसद हो गया। 2021/2022 में यह सात फीसद रहा। काला नमक धान को केंद्र में रखकर दो दशक से काम कर रही गोरखपुर की संस्था पीआरडीएफ (पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन) के चेयरमैन डॉ. आरसी चौधरी के अनुसार दो वर्षों के दौरान उनकी संस्था ने सिंगापुर को 55 टन और नेपाल को 10 टन कालानमक चावल का निर्यात किया। इन दोनों देशों से अब भी लगातार मांग आ रही है। इसके अलावा कुछ मात्रा में दुबई और जर्मनी को भी इसका निर्यात हुआ है।

पीआरडीएफ के अलावा भी कई संस्थाएं काला नमक चावल के निर्यात में लगी हैं। उल्लेखनीय है कि स्वाद, खुशबू और पोषण के लिहाज से भरपूर काला नमक धान को भगवान बुद्ध का प्रसाद माने जाता है। सिद्धार्थनगर का ओडीओपी होने के साथ इसे जीआई टैग भी हासिल है। इस सबके नाते यह भविष्य में निर्यात के मामले में बासमती को टक्कर दे सकता है।

यह दुनिया का एक मात्र चावल है, जिसमें वीटा कैरोटिन के रूप में विटामिन ए उपलब्ध है। अन्य चावलो की तुलना में इसमें प्रोटीन और जिंक की मात्रा अधिक होती है। जिंक दिमाग के लिए और प्रोटीन हर उम्र में शरीर के विकास के लिए जरूरी होता है। इसका ग्लाईसेमिक इंडेक्स कम (49 से 52 प्रतिशत) होता है। इस तरह यह शुगर के रोगियों के लिए भी बाकी चावलो की अपेक्षा बेहतर है।

## मणिपुर हिंसा: काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे विपक्षी सांसद, इंडिया गठबंधन ने जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद में गुरुवार को विपक्ष के सांसद काले कपड़े पहनकर संसद में आ रहे हैं। विपक्षी सांसदों के मुताबिक मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए उन्होंने यह निर्णय लिया है। दरअसल, कांग्रेस समेत अधिकांश विपक्षी दलों की मांग है कि मणिपुर हिंसा मुद्दे पर राज्यसभा में नियम 267 के तहत विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में बयान दें और फिर उस बयान पर चर्चा कराई जाए।



हालांकि सरकार व सभापति ने शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन के लिए अपनी स्वीकृति दी है। इस मांग को लेकर संसद में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच लगातार टकराव देखने को मिल रहा है। इसके बीच मणिपुर मुद्दे पर अपना विरोध जताने के लिए विपक्ष के सांसदों ने संसद में काले कपड़े पहन कर आने का निर्णय लिया है।

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड समेत कई विपक्षी दलों ने अपने राज्यसभा सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद व मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने पार्टी के सभी सांसदों के लिए तीन लाइनों का एक व्हिप जारी किया है। इस व्हिप में कांग्रेस पार्टी के सभी राज्यसभा सांसदों से कहा गया है कि गुरुवार 27 जुलाई 2023 को राज्यसभा में बेहद अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्यों से विनम्र अनुरोध है कि वे सदन में उपस्थित रहें। कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी ने भी अपने राज्यसभा सांसदों को 27 और 28 जुलाई को सदन में रहने के लिए व्हिप जारी किया है। विपक्षी पार्टियों ने अपने राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी करते हुए कहा कि स्थगन तक गुरुवार, 27 जुलाई को सदन में रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें।

दरअसल केंद्र सरकार, दिल्ली से संबंधित अपने अध्यादेश के स्थान पर राज्यसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक लाने की तैयारी में है। यह विधेयक अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए एक प्राधिकार गठित करने का प्रावधान करता है। सरकार राज्यसभा में यह विधेयक लाएगी। इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका कड़ा विरोध किया है। 'आप' के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र भी लिखा है।

## लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर में लगी भयानक आग, 6 लोगों की मौत



**बरनौल ।** रूस के अल्ताई गणराज्य में गुरुवार को लैंडिंग के दौरान एक हेलीकॉप्टर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गयी।

आपातकालीन स्थिति मंत्रालय के क्षेत्रीय विभाग ने मीडिया को बताया कि इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। विभाग ने कहा,अल्ताई गणराज्य के तुंगुर इलाके में लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर में आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और अन्य सात घायल हो गए।इससे पहले दिन में, आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि लैंडिंग के दौरान एमआई-8 हेलीकॉप्टर में आग लग गई।

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू आधार शिविर से 3111 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से बम बम भोले के जयकारों के बीच 3111 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था गुरुवार को यहां दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित श्री अमरनाथ गुफा तीर्थ के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 3111 तीर्थयात्री 124 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए।



इसी तरह 2154 तीर्थयात्रियों (1686 पुरुष, 424 महिलाएं, छह बच्चे और 47 साधु) का एक समूह 83 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ। बालटाल के लिए 907 तीर्थयात्री ( जिनमें 616 पुरुष, 336 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल है ) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 41 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। एक जुलाई को शुरू हुई यात्रा 31 अगस्त को समाप्त होगी।

## हिमाचल-चंडीगढ़ समेत कई राज्यों में अगले 3 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट; यमुना अभी भी खतरे के निशान से ऊपर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग की मानें तो अभी देश के बहुत से राज्यों में बारिश का ये सिलसिला जारी रहेगा। आईएमडी ने अगले दो दिनों के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक, कोस्टल आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बहुत भारी बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की जाएगी।



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून समेत सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट है। बारिश के बीच भूस्खलन के कारण ऋषिकेश यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध है। ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग चमोली जिले के पागलनाला में भी लैंडस्लाइड के कारण रास्ते बंद हैं। ढ्ढरूष्ठ ने अगले 3 तीन राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विभाग की मानें तो हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, तीन दिनों के बाद बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की जाएगी।

मौसम विभाग की मानें तो देश की राजधानी नई दिल्ली में आज (बुधवार) न्यूनतम तापमान 25 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। वहीं, मध्यम बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते देश की राजधानी नई दिल्ली में बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। राजधानी दिल्ली में यमुना का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। गुरुवार सुबह 7 बजे यमुना का जलस्तर 205.69 मीटर दर्ज किया गया है।